# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## बुधवार, 15 मार्च, 2017/ 24 फाल्गुन, 1938 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 20**

----

### लीज़ पर भूमि का आबंटन

***3822 श्री अनिरुद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पूर्व सरकार द्वारा पंतजलि योग पीठ को साधुपुल में लीज़ पर भूमि देने का निर्णय लिया गया था;

(ख) यदि हां, तो इसकी दरें क्या थीं और इनकी शर्तें व नियम क्या थे; प्रति सभा पटल पर रखें;

(ग) यह भी सत्य है कि वर्तमान सरकार ने इस लीज़ को रद्द करने का निर्णय लिया था; यदि हां, तो कब; और

(घ) यह भी सत्य है कि हाल ही में सरकार द्वारा पुनः इस भूमि को लीज़ पर देने का निर्णय लिया है; यदि हां, तो कब; ब्यौरा दें?

----

### Herbal Medicinal Plants

***3823 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that area of District Lahaul & Spiti is 23% of the Pradesh which requires special budget and care for afforestation, wild life and

growth of Herbal Medicinal plants;

(b) what is the amount kept for this year for wild life, afforestation, production of Herbal Medicinal plants in all the Tribal Areas; and

(c) what is the staff and vacancy position of the Department in all the Tribal Areas?

----

## दाखिला सिक्योरिटी

***3824 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि M.N.D.A.V Dental College Solan द्वारा Medical छात्रों से दाखिला के समय मु0 30,000/- रूपये सिक्योरिटी ली गई थी;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सिक्योरिटी इस महाविद्यालय द्वारा छात्रों को वापिस नहीं की जा रही है; और

(ग) सरकार क्या इन छात्रों को सिक्योरिटी वापिस करने हेतु सम्बन्धित महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को आदेश देगी?

----

## स्मार्ट सिटी धर्मशाला

***3825 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दिनों प्रदेश में बड़े नगरों जैसे सोलन, नाहन व मंडी जिनकी आबादी धर्मशाला से अधिक है को छोड़कर धर्मशाला नगर को नगर निगम में परिवर्तित किया गया है; ब्यौरा कारणों सहित दें;

(ख) धर्मशाला नगर को स्मार्ट सिटी घोषित होने के उपरान्त कितनी सहायता राशि केन्द्र सरकार से मिलेगी तथा किस-किस मद में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक कितनी-कितनी धनराशि केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई; और

(ग) यह सत्य है की धर्मशाला को स्मार्ट सिटी की योजना केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है; यदि हां, तो इसकी पब्लिसिटी में केंद्र सरकार का उल्लेख न करने का क्या कारण है?

----

## मरीजों/तीमारदारों को आवास सुविधा

***3826 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के अस्पतालों से PGI को अनेकों रोगी उपचार हेतु रेफर किए जाते हैं;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार की वर्षशः औसतन संख्या कितनी है;

(ग) यह भी सत्य है कि रोगियों एवं तीमारदारों को सराय में ठहरने तथा लाईजनिंग अधिकारी न होने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में लाईजनिंग अधिकारी (HAS) को PGI परिसर में ही तैनात करने के आदेश जारी करेगी?

----

## सरकारी आवास

***3827 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन मण्डल चौपाल व वन रेंज देहा में कितने फोरेस्ट रेस्ट हाऊस, हट्स तथा अधिकारियों/कर्मचारियों के आवासों का निर्माण व मरम्मत की गई तथा कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि इस वन मण्डल व रेंज द्वारा पौधरोपण और फेंसिंग भी की गई है; यदि हां, तो कहां-कहां पर यह कार्य किया गया तथा कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## नाबार्ड के अन्तर्गत स्वीकृत योजनाएं

***3828 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्ष 2016-17 के दौरान दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक नालागढ़, अर्की एवं सोलन मण्डल के अन्तर्गत नाबार्ड के माध्यम से कितनी सिंचाई एवं पेयजल योजनाएं स्वीकृत हुईं; और

(ख) इस अवधि में इन योजनाओं पर कितनी धनराशि व्यय की गई और इनकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## अवैध शिकार

***3829 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत चार वर्षों में बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मछली के अवैध शिकार के कितने मामले दर्ज़ किये गये तथा कितना जुर्माना किया गया; और

(ख) अवैध शिकार रोकने हेतु कितने वाचरों की नियुक्ति की गई; ब्यौरा दें?

----

## मल-प्रवाह योजना

***3830 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नगर परिषद् रोहडू के अन्तर्गत मल-प्रवाह योजना का कितना कार्य पूर्ण हो गया है तथा दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई और यह कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक की शाखाएं

***3831 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला ऊना में कांगड़ा सैन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की कितनी शाखाएं हैं;

(ख) यह सत्य है कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अम्बोटा में इस बैंक की शाखा को बंद कर दिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस शाखा को सरकार क्या पुनः खोलने का विचार रखती है?

----

## सीर खड्ड का तटीयकरण

***3832 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) सरकाघाट से जाहू तक सीर खड्ड के चैनेलाइजेशन के कार्य की AA & ES कब दी गई; और

(ख) इस कार्य को कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजगढ़

***3833 श्री सुरेश कुमार(पच्छाद) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजगढ़ तथा सराहां में डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ के कितने पद स्वीकृत हैं;

(ख) इनमें से कितने पद कब से खाली चल रहे हैं; और

(ग) इन पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## योजनाओं की स्वीकृति

***3834 श्री खूब राम (आनी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) आनी सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल के अन्तर्गत दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक कितनी पेयजल योजनाएं स्वीकृत की गईं; और

(ख) इनमें से कितनी योजनाओं की स्वीकृति नाबार्ड के अन्तर्गत दी गई और कितनी लम्बित हैं; ब्यौरा दें?

----

## पाइपों की डिमांड

***3835 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के वृत्त कुल्लू ने सरकार को आधा व पौना इंच की पाइपों की डिमांड भेजी है;

(ख) यदि हां, तो कितनी-कितनी; ब्यौरा मण्डलवार दें; और

(ग) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक कितनी मांग की आपूर्ति की गई और कितनी शेष है; ब्यौरा मण्डलवार दें?

----

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति

***3836 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में जिला चम्बा में वन विभाग द्वारा चतुर्थ श्रेणी के पद भरे गए हैं;

(ख) यदि हां, तो कितने पद भरे गए और किस कार्य हेतु इन्हें नियुक्त किया गया है; इस भर्ती हेतु क्या-क्या मापदण्ड निर्धारित थे; और

(ग) इन कर्मचारियों को कहां-कहां नियुक्त किया गया; ब्यौरा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र

***3837 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने नागरिक, सामुदायिक, प्राथमिक, उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित हैं; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इन स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ग) सरकार क्या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र समोट को उन्नयन करने का विचार रखती है; और

(घ) सरकार क्या ग्राम पंचायत बलेरा और मेल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा चक्की, जन्द्रोग, पर्सियारा, कथीयाडी, रखेड, धाम्ग्रा, कुफरी, भौंट, नहाना में उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का भी विचार रखती है?

----

## Latest Position in Enquiry

***3838 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the work of Bha-Baring, Chambak, Chewar flow Irrigation Scheme which is in 8 Km. long was started in the year 2006-2007;

(b) whether it is also a fact that a sum of Rs. 2 Crores was spent on this scheme till 2012 and 37 contractors were given work but the Scheme remained incomplete;

(c) whether it is also a fact that a vigilance inquiry regarding this scheme has been initiated and FIRs lodged; and

(d) if yes, what is the latest position of enquiry; details be given?

----

## भेड़-बकरियों के लिए परमिट

***3839 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला सिरमौर के जंगलों में भेड़-बकरियां चराने हेतु परमिट जारी करने की क्या प्रक्रिया है तथा कितने भेड़-पालक सिरमौर के हैं तथा कितने अन्य जिलों से हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इससे वन विभाग को कितनी आय हो रही है; ब्यौरा दें; और

(ग) इससे जंगलों को कितनी हानि हो रही है, नई कोपलों के नुकसान के दृष्टिगत सरकार क्या इन परमिटों को बन्द करने का विचार रखती है?

----

## दलित बस्तियों का सर्वेक्षण

***3840 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला कुल्लू में नगर विकास खण्ड के अतिरिक्त अन्य चार विकास खण्डों में दलित बस्तियां चिन्हित नहीं की गई हैं और उन्हें सरकार की नीति अनुसार कोड नं0 भी प्रदान नहीं किए गए हैं; केवल पंचायतशः दलितों का प्रतिशत ही दिखाया गया है; यदि हां, तो ब्यौरा कारण सहित दें; और

(ख) सरकार क्या इन क्षेत्रों का अविलम्ब सर्वेक्षण कर दलित बस्तियां चिन्हित कर कोड प्रदान करने पर विचार करेगी ताकि इन बस्तियों को केन्द्र प्रायोजित एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके; यदि हां, तो कब तक?

----

## सिंचाई योजनाएं

***3841 श्री सुरेश कुमार(पच्छाद) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में राजगढ़ सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य उप-मण्डल में कितनी सिंचाई योजनाओं के शिलान्यास किए गए हैं तथा इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया; ब्यौरा दें; और

(ख) वर्तमान में इस उप-मण्डल में कितनी योजनाएं हैं; इनमें से कितनी योजनाएं सुचारू रूप से चल रही हैं और कितनी बंद पड़ी हैं; ब्यौरा बंद पड़ी योजनाओं का कारण सहित दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 27 फरवरी, 2017.** **सचिव।**